**Deendayal Upadhyaya Gorakhpur University, Gorakhpur ,UP.India**
**Media and Public Relations Office**

दिनांकः 17 / 02 / 2023

**प्रकाशनार्थ**

**दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के बीबीए, बीकॉम**

एमकॉम के छात्राओं को चार लाख के वार्षिक पैकेज'

ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की ओर से कैंपस ड्राइव का हुआ आयोजन

दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर युनिवर्सिटी की ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा दिनांक सत्रह फरवरी को आनलाइन मोड में छात्र छात्राओं के

इंटरव्यू हुए थे, बिजनेस डेवलपमेंट एसोसिएट के पद हेतु प्री ग्रेड, नोएडा कम्पनी में। कई चरणों में चलने वाली कंपनी की चयन प्रक्रिया में लगभग एक हफ्ते का समय लगा।

प्री ग्रेड कंपनी के लिए अंतिम चरण के बाद बीबीए, की छात्रा छात्र सुश्री नित्या राज श्रीवास्तव, सौम्या पांडेय, हिमालीका सरीन और शांभवी श्रीवास्तव का चयन किया है, इनका चयन चार लाख रुपए वार्षिक के पैकेज पर हो गया है ।

प्री ग्रेड की सुश्री हर्षिता पवार (वरिष्ट प्रबंधक मानव संसाधन) द्वारा ये सुचना दी गई है।

विश्वविद्यालय की प्लेसमेंट सेल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो राजेश सिंह के दिशा निर्देशन में छात्र छात्राओं को प्लेसमेंट दिलाने के लिए सतत प्रयत्नशील है। । ग्रेड मिलने के बाद लगातार कई सारी कंपनियां दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में कैम्पस प्लेसमेंट में पार्टिसिपेट कर रही हैं विश्वविद्यालय के मेधावी छात्र छात्राओं के चयन हेतु।

उपरोक्त प्लेसमेंट ड्राइव में विश्वविद्यालय के सात दर्जन स्टूडेंट्स से ज्यादा छात्र छात्राओं

ने भाग लिया था। जो एमकॉम, बीकॉम, एमबीए तथा बीबीए कोर्स कर रहे हैं दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में।

कई चरणों में समूह चर्चा और प्रारंभिक इंटरव्यू के बाद फाइनल इंटरव्यू के लिए इन दस छात्र छात्राओं ने क्वालीफाई किया था, सुश्री हिमालिका सरीन, अंकिता मधेशिया, सावित्री यादव, सौम्या पांडेय, नित्या राज श्रीवास्तव, ज्योति चौहान, संभावी श्रीवास्तव, स्वाति कन्नौजिया, शिवम तिवारी और शुभम् पाण्डेय इत्यादि ने।

कंपनी के मार्केटिंग हेड द्वारा मार्केटिंग स्किल का टेस्ट लिया गया था। जिसमें काफी शानदार प्रदर्शन किया था चयनित छात्राओं सुश्री नित्या राज श्रीवास्तव, सौम्या पांडेय, हिमालीका सरीन और शांभवी श्रीवास्तव क्रमशरू बीबीए, एमकॉम और बीकॉम की परीक्षा के उपरान्त अपना कॉरपोरेट कैरियर आरंभ करने वाली हैं।

सुश्री नित्या राज श्रीवास्तव, सौम्या पांडेय, हिमालीका सरीन और शांभवी श्रीवास्तव के चयन पर डिपार्टमेंट ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन के विभागाध्यक्ष डॉ सत्यपाल सिंह और समन्वयक डा स्वर्णिमा सिंह ने उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभ कामना दी।

**Mahendra Kumar Singh**
Media and Public Relations Officer
Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur
University, Gorakhpur